संख्या-12/2026/ 142-12-3-2026-1361622

प्रेषक

ओम प्रकाश वर्मा ,
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कृषि निदेशक,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कृषि अनुभाग-3 **लखनऊ:: 11-03-2026**

विषय:- राष्ट्रीय कृषि विकास योजना -9145 अन्तर्गत स्टेट लिंकड स्कीम UP-74- National Project on Soil Health and Fertility (9503) की मृदा स्वास्थ्य प्रंबधन एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र सं0-शो0एवं0मृ0सर्वे0/1470/NPSHF/SNA-SPARSH/G-11-(के060/रा040)/2025-26, दिनांक 19.02.2026 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु राष्ट्रीय कृषि विकास योजना -9145 अन्तर्गत स्टेट लिंकड स्कीम UP-74- National Project on Soil Health and Fertility (9503) की मृदा स्वास्थ्य प्रंबधन एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना हेतु अनुदान संख्या-11 में अवमुक्त केन्द्रांश के सापेक्ष संगत राज्यांश सहित लेखाशीर्षक 2402-मृदा तथा जल संरक्षण-102-मृदा संरक्षण-01-केन्द्र प्रायोजित योजनायें-0109-नेशनल प्रोजेक्ट ऑन स्वायल हेल्थ एण्ड फर्टिलिटी (के.60/रा.40-के.) के अन्तर्गत कुल धनराशि रू01226.00 लाख (रू0 बारह करोड़ छब्बीस लाख मात्र) की वित्तीय स्वीकृति एस0एन0ए0-स्पर्श के माध्यम से श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित विवरणानुसार/शर्तों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि लाख में)

अनुदान संख्या/लेखाशीर्षक	मानक मद	प्राविधान वित्तीय वर्ष 2025-26	पूर्व में जारी वित्तीय स्वीकृति	स्वीकृत धनराशि
1	2	3	4	5
अनुदान संख्या-11 के लेखाशीर्षक 2402-मृदा तथा जल संरक्षण-102-मृदा संरक्षण-01-केन्द्र प्रायोजित योजनायें-0109-नेशनल प्रोजेक्ट ऑन स्वायल हेल्थ एण्ड फर्टिलिटी (के.60/रा.40-के.)	16-व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं हेतु भुगतान	550.88	**0.00**	**0.0**
	27-सब्सिडी	697.09	**167.00**	**0.0**
	42-अन्य व्यय	959.83	**435.00**	**357.48**
	43-सामग्री एवं सम्पूर्ति	2452.64	**1073.67**	**713.52**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

	44-प्रशिक्षण यात्रा एवं अन्य प्रांसगिक व्यय	381.82	**167.00**	**135.00**
	58-आउटसोर्सिंग तथा विशेष सेवाओ हेतु भुगतान	202.94	**68.00**	**20.00**
योग		**5245.20**	**1910.67**	**1226.00**

(रू0 बारह करोड़ छब्बीस लाख मात्र)

2. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय राज्य सरकार तथा भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कार्ययोजना के अनुसार योजना की गाइडलाइन्स का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

3. योजनान्तर्गत केन्द्रांश अवमुक्त किये जाने विषयक भारत सरकार के पत्र दिनांक 13.02.2026 में दिये गये दिशा-निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन किये जाने का दायित्व कृषि निदेशक, उ0प्र0 लखनऊ का होगा।

4. प्रस्ताव में आंकडों की शुद्धता का दायित्व कृषि निदेशक, उ0प्र0 लखनऊ का होगा।

5. प्रस्तावित वित्तीय स्वीकृति उपलब्ध बजट प्राविधान की सीमा के अन्तर्गत रहेगी, यह कृषि निदेशक, उ0प्र0 लखनऊ का उत्तरदायित्व होगा।

6. वित्तीय स्वीकृतियॉ जारी करने अथवा धनराशि को विभागाध्यक्ष/नियंत्रक अधिकारी के निवर्तन पर रखे जाने से पूर्व विभाग के स्तर पर की जाने वाली समस्त औपचारिकताओं की पूर्ति अनिवार्यतः सुनिश्चित कर ली जाये। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि धनराशि का विभागाध्यक्ष /नियंत्रक अधिकारी के निर्वतन पर रखे जाने मात्र से किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नही देता है।

7. जिन मामलों में उ0प्र0 बजट मैनुअल और वित्तीय नियम संग्रहों तथा स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति विभागाध्यक्ष/नियंत्रक अधिकारी द्वारा प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाये।

8. स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण योजना की गाइडलाइन एवं तदविषयक भारत सरकार के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

9. व्यय प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययता के सबंध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

10. स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप सं0-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27.03. 2025 एवं इस संबंध में समय-समय पर निर्गत अन्य शासनादेशों में दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

11- उक्त आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-**E-1-283-X-2025-26-दिनांक:6-3-2026** द्वारा प्रदान की गयी उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

ओम प्रकाश वर्मा
अनु सचिव।

सं0-12/2026/ 142(1)/12-3-2026-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- महालेखाकार,(लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद ।

2- महालेखाकार,(लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।

3- सचिव, भारत सरकार कृषि मंत्रालय, कृषि एवं सहकारिता विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।

4- संयुक्त सचिव, भारत सरकार कृषि मंत्रालय, कृषि एवं सहकारिता विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।

5- अवर सचिव, भारत सरकार कृषि मंत्रालय, कृषि एवं सहकारिता विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।

6- समस्त मण्डलायुक्त को इस आशय से प्रेषित कि उक्त की प्रतियां अपने अधीनस्थ समस्त जिलाधिकारियों को इस निर्देश के साथ कि वे अपने जनपद के समस्त जनप्रतिनिधियों (मा. मंत्रीगण, मा. सांसद, मा. विधायक आदि) को शासनादेश की प्रतियां उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि जनप्रतिनिधियों द्वारा योजना का लाभ पात्रों को दिलाये जाने में सहयोग किया जा सके।

7- संयुक्त कृषि निदेशक (शो0एवं0मृ0सर्वे0), कृषि भवन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

8- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

9- सम्बन्धित परियोजनाधिकारी, कृषि भवन, लखनऊ।

10- वित्त नियंत्रक, कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

11- संयुक्त कृषि निदेशक, (शोध एवं मृदा सर्वेक्षण), कृषि भवन, लखनऊ।

12- सहायक निदेशक (कम्प्यूटर एवं समन्वय) कृषि भवन, लखनऊ।

13- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-1 /कृषि अनुभाग-5/नियोजन अनुभाग-3

14- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

ओम प्रकाश वर्मा
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।